**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.4 (ई)(1)(6) नि.प. (3479/2013)/अलेसे–III/ 3153 दिनांकः– 18-3-2019

**आदेश संख्या–382/2018–19**

विभागीय आदेश संख्या 71 दिनांक 30.06.2017 के क्रम संख्या 12 पर अंकित श्री रमेश कुमार पुत्र श्री दिताजी निवासी सिरोही मेरिट नं. 3479 रोल नं. 687539 को क.लेखाकार के पद पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्ति दी जा कर उनका पदस्थापन कार्यालय विकास अधिकारी खण्ड पंचायत समिती दोवड़ा, डूंगरपुर में किया गया था एवं उन्हें 15 दिवस की निर्धारित अवधि में पदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण कर इस विभाग को सूचित करने के निर्देश प्रदान किये गए थे। किन्तु श्री रमेश कुमार द्वारा उक्त आदेशों की पालना में निर्धारित अवधि में कार्यग्रहण नहीं किया गया है एवं इस संबंध में ना ही कोई सूचना इस विभाग को प्रेषित की गई है एवं इनको क0लेखाकार पद पर कार्यग्रहण करने की अवधि में इस विभाग द्वारा अभिवृद्धि भी स्वीकृत नहीं की गई है।

श्री रमेश कुमार को क0लेखाकार पद पर उपस्थिति देने के एकाधिक अवसर व नोटिस दिये जाने के उपरान्त भी नियुक्ति आदेश की पालना में कार्यग्रहण नहीं किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित है कि अभ्यर्थी उक्त सेवा/पद पर कार्य करने का इच्छुक नहीं है। अतः नियमानुसार निर्धारित समयावधि में कार्यग्रहण नहीं करने के फलस्वरूप श्री रमेश कुमार के नियुक्ति आदेश तुरन्त प्रभाव से निरस्त किये जाते है।

18.3.19

**(मुकुन्द सोहोनी)**
**निदेशक**

क्रमांकः– एफ.4 (ई)(1)(6) नि.प. (3479/2013)/अलेसे–III/ 3153 दिनांकः– 18-03-2019

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. संबंधित कार्यालयाध्यक्ष.........................................।
4. संबंधित कोषाधिकारी।
5. श्री रमेश कुमार पुत्र श्री दिताजी निवासी गाँव-बोसा, पोस्ट-जाम्बुडी, तहसील आबूरोड़, जिला सिरोही, पिन नं. 307026 सिरोही, राजस्थान। **(रजिस्टर्ड)**
6. उप निदेशक (ए.सी.पी.) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु एवं coins में रिकार्ड संधारण हेतु।
7. संयुक्त निदेशक (विधि), कोष एवं लेखा विभाग, जयपुर।
8. अतिरिक्त निजी सचिव निदेशक महोदय।
9. श्री सुशील कुमार नाटाणी, अतिरिक्त प्रशासनिक आधिकारी, कोष एवं लेखा को ईकजाई रिकार्ड संधारण हेतु।
10. डीलिंग सहायक, वरिष्ठता सूची सीट।

**(शिल्पी कौशिक)**
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III)**